Encl. No. 07. 63

(5

# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

## विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 21 जून, 2017

### कार्यवृत्त (MINUTES)

विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 21 जून, 2017 को प्रातः 10.00 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री भवानी सिंह देथा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमती दर्शना अच्छपाल, प्राचार्य, श्री गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय, बाँसवाड़ा ( प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान जयपुर के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 3 | श्री कमलेश शर्मा, सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, बाँसवाड़ा (प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान जयपुर के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4 | डॉ.गायत्री स्वर्णकार, विभागाध्यक्ष, प्राणी शास्त्र (ZOOLOGY) राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर। | सदस्य |
| 5 | श्री हिम्मत सिंह भाटी, कुलसचिव, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद के सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्या परिषद की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया :-

| मद | विवरण |
|---|---|
| मद संख्या-01 | **विद्या परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 9-6-2016 की बैठक कार्यवाही का अनुमोदन** <br> प्रतिवेदन है कि गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 9-6-2016 को आयोजित की गई थी। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 9-6-2016 के कार्यवृत्त बिन्दु संख्या-4 के बिन्दु -2 के सम्बन्ध में सदस्यों द्वारा पुनः विचार किया और गेस्ट फेकल्टी हेतु प्रति कालांश मानदेय 500/-रु. एवं प्रतिमाह 25000/-रु. अधिकतम की सीमा में ही रखने का निर्णय लिया। इस संशोधन के साथ विद्या परिषद् की बैठक 9-6-2016 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |



Himmat Singh Bhati
Registrar

| | |
|---|---|
| मद संख्या–02 | राज्य सरकार के आदेशानुसार बाँसवाड़ा/डूंगरपुर/प्रतापगढ़ के समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध करने हेतु आवश्यक सम्बद्धता नियमों एवं शुल्क का निर्धारण करना एवं नवीन महाविद्यालय स्थापना की शर्तो का निर्धारण करना।<br>प्रतिवेदन है कि गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के द्वारा सम्बद्धता से सम्बन्धित नियम एवं उसके प्रपत्र तैयार किये गये है। ये नियम एवं प्रपत्र विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा से सम्बद्ध होने वाले महाविद्यालयों हेतु सम्बद्धता शुल्क मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के द्वारा निर्धारित शुल्क के समान ही लिये जाने का अनुमोदन माननीय कुलपति महोदय, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा लिया गया है, जो परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–03 | वर्तमान में जो पाठ्यक्रम मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा संचालित किये जा रहे है, उन समस्त पाठ्यक्रमों का संचालन गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा से सम्बद्ध महाविद्यालयों में पूर्ववत् किये जाने का अनुमोदन।<br>प्रतिवेदन है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के पत्र क्रमांक एफ ( ) मोसुविवि/ 2017/79 दिनांक 29–5–2017 के द्वारा बाँसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलो में स्थित समस्त राजकीय, निजी, विधि महाविद्यालयों की सत्र 2017–18 में त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष एवं द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्बद्धता गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा से की गई है। इस सम्बन्ध में गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के द्वारा संचालित त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष एवं द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के पाठ्यक्रम, परीक्षा स्वरूप, विषय संयोजन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के अनुसार ही किये जाने का निर्णय माननीय कुलपति महोदय, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा किया गया है।<br>अतः विषय विद्या परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | उक्त मद के अनुमोदन के साथ विश्वविद्यालय के केम्पस में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में वर्ष 2017–18 से 2 सेक्शन प्रारम्भ किये जाने का भी अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–04 | वर्तमान में विश्वविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास) के पाठ्यक्रम और सेमेस्टर सिस्टम पर पुनर्विचार।<br>प्रतिवेदन है कि गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का संचालन पूर्ववत् ही किये जाने हेतु विषय विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास) पूर्ववत् ही सेमेस्टर सिस्टम के अनुसार संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। |



Himmat Singh Bhati
Registrar

| | |
|---|---|
| मद संख्या–08 | **गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा सत्र 2017–18 में प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षाओं की मूल्यांकन पद्धति का निर्धारण करना।**<br>**प्रतिवेदन है कि** शैक्षिक सत्र 2017–18 में गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के द्वारा प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिलो के समस्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों हेतु स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध की कक्षाओं हेतु मूल्यांकन पद्धति का निर्धारण किया जाना है। इस हेतु मूल्यांकन पद्धति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की मूल्यांकन पद्धति के अनुरूप निर्धारित की जा सकती है।<br>अतः विषय विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–09 | **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से पात्र शोध निर्देशकों का पंजीयन कर विद्यावाचस्पति (पीएच.डी.) उपाधि हेतु शोधार्थियों का पंजीयन करने हेतु रिसर्च बोर्ड का गठन कर प्रक्रिया का निर्धारण करना।**<br>**प्रतिवेदन है कि** गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा से सम्बद्ध महाविद्यालयों में शोध निर्देशकों की उपलब्धता पर्याप्त है। वर्तमान मे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तीनों जिलो के महाविद्यालयों से लगभग 21 शोध निर्देशक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के द्वारा 70 से अधिक शोधार्थियों को शोध कार्य करवा रहे है एवं प्रतिवर्ष शोध के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ती जा रही है। स्थानीय परिक्षेत्र की कला, संस्कृति के साथ–साथ विपुल मात्रा मे उपलब्ध मौखिक साहित्य का संरक्षण और संवर्धन शोध के माध्यम से सम्भव है। विश्वविद्यालय अपनी स्थापना से ही शोध कार्य प्रारम्भ करने को प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय की प्रकाशित विवरणिका के अन्तर्गत विद्या वाचस्पति उपाधि हेतु अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा, भूगोल, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, हिन्दी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य में शोध कार्य करने की सुविधा प्रस्तावित की गई थी। इस संदर्भ में राज्यपाल सचिवालय, राजस्थान जयपुर से विद्या वाचस्पति पाठ्यक्रमों हेतु दिशानिर्देश पत्रांक F. 1 (46) (C) RB/2015 : 3281 Dated 21 April 2017 द्वारा जारी किये गये है और उक्त निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय में उपर्युक्त विषयों में विद्या वाचस्पति पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।<br>अतः विषय विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध शोध निर्देशकों से सम्बन्धित विषयों में विद्या वाचस्पति पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने हेतु रिसर्च बोर्ड के गठन का |



Himmat Singh Bhati
Registrar

64

| | |
|---|---|
| | अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–10 | **जनजातीय परिवेश में प्रतिष्ठित कला संस्कृति एवं कौशल के विकास हेतु स्वरोजगार अभिप्रेरित स्व–वित्त पोषित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का निर्धारण।** <br> <u>प्रतिवेदन है कि</u> विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा वर्तमान में स्व–रोजगार हेतु कौशल विकास पर विशेष प्रकार के पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को स्व–रोजगार हेतु प्रेरित करने के लिये कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाना उचित रहेगा। स्थानीय परिवेश में जनजातीय कला, संस्कृति और कौशल के संवर्धन और विकास के लिये विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का संचालन स्व–वित्त पोषित प्रक्रिया अनुसार किया जाएगा, तो स्व–रोजगार की व्यापक संभावनाओं का सृजन होगा। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विवरणिका में Communication skill in English, Proficiency in Hindi, Personality Development and Enterprenurship Skill के पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना प्रस्तावित था। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation) के माध्यम से संचालित किये जाने वाले "Short Term Skill Development" Programme जैसे Digital Literacy Course इत्यादि पाठ्यक्रमों का संचालन गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में किया जा सकता है। <br> राजकीय विश्वविद्यालयों की कुलपतिगण की समन्वय समिति की बैठक दिनांक 29–1–2016 के बिन्दू संख्या–5 में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में संचालित Skill Development Courses / Centre की तर्ज पर विश्वविद्यालय में भी शिक्षा को रोजगार सृजक बनाने हेतु पाठ्यक्रमों का संचालन गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में किया जाना प्रस्तावित है। <br> अतः विषय विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **विषय पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में FINISHING SCHOOL एवं B-VOC से सम्बन्धित विविध पाठ्यक्रमों के संचालन का कार्य प्रगति पर है,उसी तर्ज पर विश्वविद्यालय में भी पाठ्यक्रमों के संचालन पर सहमति बनी। इस हेतु विश्वविद्यालय स्तर से एक समिति बनाकर विश्वविद्यालय में उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के संचालन की कार्यवाही प्रारम्भ करवाई जाए।** |
| मद संख्या–11 | **गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा सत्र 2017–18 में प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में नवीन पाठ्यक्रम का निर्धारण करना।** <br> <u>प्रतिवेदन है कि</u> मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के पत्र क्रमांक एफ ( ) मोसुविवि/ 2017/79 दिनांक 29–5–2017 के द्वारा बाँसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों में स्थित समस्त राजकीय, निजी, विधि महाविद्यालयों की सत्र 2017–18 में त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष एवं द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्बद्धता गोविन्द |

| | |
|---|---|
| | गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा से की गई है। इस सम्बन्ध में गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के द्वारा संचालित त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष एवं द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के पाठ्यक्रम, परीक्षा स्वरूप, विषय संयोजन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के अनुसार ही किये जाने का निर्णय माननीय कुलपति महोदय, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा द्वारा किया गया है।<br>आगामी शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिये विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों हेतु नवीन Syllabus के निर्धारण हेतु विषयवार गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के अधिनियम 2012 की धारा 27 के अनुसार अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) का गठन किया जाना प्रस्तावित है।<br>अतः विषय विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ, विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। |

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति
Bhawani Singh Detta
I.A.S.
Vice Chancellor

कुलसचिव
Himmat Singh Bhati
Registrar

Encl. No. 07

# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

## विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त

(Minutes of the ACADEMIC COUNCILmeeting)

दिनांक 12 दिसम्बर, 2020

विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 12 दिसम्बर, 2020 को अपरान्ह 3.00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से ONLINE PLATFORM के माध्यम से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Prof. I.V. Trivedi, Vice Chancellor | Chairman |
| 2. | Prof. Ashok Kumar Mishra<br>Dean, Faculty of Medical Science, M.G. Kashi Vidyapith, Varansi (U.P.) | Member |
| 3. | The Principal Secretary,<br>Information & Public Relations Department, Government of Rajasthan,<br>Govt. Secretariat Jaipur | Member |
| 4. | The Principal Secretary, Higher Education Department,<br>Government of Rajasthan, Govt. Secretariat Jaipur | Member |
| 5. | Sh. Govind Singh Deora, Registrar, GGT University, Banswara | Member |
| 6. | Dr. K.L. Dindor, Principal, Arts College, Jasela, Dungarpur | Member |
| 7. | Dr. C.K. Jain (Retired), Principal, Government College, Dungarpur | Member |
| 8. | Dr. K.S. Dantala, Retd. Principal, Kushalgarh (Banswara) | Member |
| 9. | Dr. Dinesh Rawat, Asstt. Professor, Govt. College, Banswara | Member |
| 10. | Dr. Sarla Pandya, Dean, Faculty of Humanities, S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 11. | Dr. Karuna Joshi, Dean, Faculty of Social Science, Govt. College, Bicchiwara | Member |
| 12. | Dr. D.K. Jain, Dean, Faculty of Commerce & Management,<br>Wagarshree College, Banswara | Member |
| 13. | Dr. Arvind Sharma, Dean, Faculty of Science, SBP Govt. College, Dungarpur | Member |
| 14. | Dr. Gulabdhar Dwivedi, Dean, Faculty of Education,<br>Arawali Mahavidhyalay, Banswara | Member |
| 15. | Dr. Sanjay Kumar Jain, Associate Professor (Hindi),<br>SBB Govt. College, Sagwara | Member |
| 16. | Dr. Mahendra Prasad Saleriya, Associate Professor (Sanskrit),<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 17. | Dr. Laxman Lal Sargada, Assistant Professor (Drawing & Painting),<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 18. | Dr. D.D. Gupta, Associate Professor (English),<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 19. | Dr. Anjana Rani, Associate Professor (Philosophy),<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 20. | Dr. Mamta, Assistant Professor (Music),<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 21. | Dr. Raksha Ninama, Assistant Professor (Home Science),<br>HDJ Govt. Girls College, Banswara | Member |
| 22. | Dr. Nimesh Choubisa, Associate Professor (History),<br>SBP Govt. College, Dungarpur | Member |



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

| | | |
|---|---|---|
| 23. | Dr. Sandeep Chouhan, Associate Professor (Political Science), Govt. College, Pipalkhunt | Member |
| 24. | Dr. Anil Kumar Paliwal, Associate Professor (Sociology), Govt. College, Simalwara | Member |
| 25. | Sh. Ramswaroop Meena, Associate Professor (Geography), SBP Govt. College, Dungarpur | Member |
| 26. | Dr. Banwari lal Meena, Associate Professor (Economics), Govt. College, Pipalkhunt | Member |
| 27. | Dr. Dharmendra Mishra, Associate Professor (Pub. Adm.), Govt. College, Pipalkhunt | Member |
| 28. | Sh. Shivlal Parmar, Assistant Professor (ABST), S.G.G. Govt. College, Banswara | Member |
| 29. | Dr. Mukesh Prajapat, Assistant Professor (Bus. Adm.), Leo College, Banswara | Member |
| 30. | Dr. Shilpa Yagnik, Assistant Professor (EAFM), Leo College, Banswara | Member |
| 31. | Dr. Rajiv Gandhi, Assistant Professor (BBM/MBA), New Look Girls P.G. College, Lodha | Member |
| 32. | Dr. Chandresh Pareek, Associate Professor (Chemistry), MBD Govt. College, Kushalgarh | Member |
| 33. | Dr. Punjaram Enkeshwar, Assistant Professor (Botany), SBP Govt. College, Dungarpur | Member |
| 34. | Dr. Sushil Kumar Bissu, Associate Professor (Maths), MBD Govt. College, Kushalgarh | Member |
| 35. | Dr. Narayan lal Gupta, Associate Professor (Physics), SBP Govt. College, Dungarpur | Member |
| 36. | Dr. S.M. Roy, Associate Professor (Zoology), Govt. P.G. College, Pratapgarh | Member |
| 37. | Dr. Anju Sharma, Associate Professor (BCA/BSC Computer), SBP Govt. College, Dungarpur | Member |
| 38. | Dr. Narendra Paneri, Controller of Examination G.G.T. University, Banswara | Member |
| 39. | Dr. Ashok Kumar Kakodia, Director Research G.G.T. University, Banswara | Member |
| 40. | Dr. Alka Rastogi, OIC Academic Incharge, G.G.T. University, Banswara | Member |
| 41. | Dr. Laxman Lal Parmar, OIC Exam, G.G.T. University, Banswara | Member |
| 42. | Dr. Mahipal Singh Rao, Director Ved Vidyapeeth G.G.T. University, Banswara | Member |

सर्वप्रथम बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्या परिषद् की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु सदस्य सचिव को निर्देशित किया :-

| मद | विवरण |
|---|---|
| मद संख्या-01 | विद्या परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 10 सितम्बर, 2020 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।<br>प्रतिवेदन है कि गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा की विद्या परिषद् की दिनांक 10-9-2020 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त विद्या परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

| | |
|---|---|
| मद संख्या-02 | विद्या परिषद के सदस्यों को कुलपति महोदय द्वारा द्वितीय दीक्षान्त समारोह जो दिनांक 23 दिसम्बर, 2020 को आयोज्य है, के बारे में जानकारी देना।<br><br>प्रतिवेदन है कि राज्यपाल सचिवालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षान्त समारोह ऑनलाईन/वर्चुअल मोड पर दिनांक 23 दिसम्बर 2020 को आयोजित किया जायेगा। |
| निर्णय | माननीय कुलपति महोदय द्वारा दीक्षान्त समारोह की जानकारी प्रदान की । |
| मद संख्या-03 | विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की वर्ष 2020 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (GRACE PASS) तिथि को स्वीकृति प्रदान करना (To consider conferment of PG Degree on the successful candidates passed for the year 2020)।<br><br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की वर्ष 2020 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (GRACE PASS) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने (To consider conferment of Degree on the successful candidates passed for the year 2020) सम्बन्धी विषय (वर्ष एवं संकाय अनुसार) परिषद् की बैठक में निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया :- |

A. वर्ष 2020 में निम्न स्नातक (UG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace Pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | B.A. FINAL - 2020 |
| 2. | B.SC. FINAL - 2020 |
| 3. | B.COM. FINAL - 2020 |
| 4. | B.B.A. FINAL - 2020 |
| 5. | B.C.A. FINAL - 2020 |
| 6. | LL.B. FINAL - 2020 |

B. वर्ष 2020 में **FACULTY OF SOCIAL SCIENCE** (2020) के निम्न स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace Pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | M.A. (FINAL) SOCIOLOGY-2020 |
| 2. | M.A. (FINAL) POLITICAL SCIENCE-2020 |
| 3. | M.A. (FINAL) HISTORY-2020 |
| 4. | M.A. (FINAL) GEOGRAPHY-2020 |
| 5. | M.A. (FINAL) ECONOMICS-2020 |



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

**C.** वर्ष 2020 में **FACULTY OF HUMANITIES (2020)** के निम्न स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace Pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | M.A.(FINAL) HOME SCIENCE-2020 |
| 2. | M.A. (FINAL) URDU-2020 |
| 3. | M.A. (FINAL) HINDI-2020 |
| 4. | M.A. (FINAL) ENGLISH-2020 |
| 5. | M.A. (FINAL) DRAW. & PTG.- 2020 |
| 6. | M.A. (FINAL) SANSKRIT-2020 |

**D.** वर्ष 2020 में **FACULTY OF LAW (2020)** के निम्न स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace Pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | LL.M. (FINAL -2020 |

**E.** वर्ष 2019 में FACULTY OF SCIENCE (2020) के निम्न स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | M.Sc. (SEMESTER-IV) MATHEMATICS-2020 |
| 2. | M.Sc. (SEMESTER-IV) CHEMISTRY-2020 |
| 3. | M.Sc. (SEMESTER-IV) BOTANY-2020 |
| 4. | M.Sc. (SEMESTER-IV) ZOOLOGY-2020 |

**F.** वर्ष 2020 में FACULTY OF EDUCATION (2020) के निम्न शिक्षा स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (Grace Pass) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | B.Ed. (TWO YEAR) PART-II-2020 |
| 2. | M.A. (FINAL) EDUCATION-2020 |

**G.** वर्ष 2020 में **FACULTY OF COMMERCE AND MANAGMENT (2020)** के निम्न स्नातकोत्तर (ळ) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (ळतंबम चे) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने के अनुमोदनार्थ।



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

| S.No. | COURSES |
|---|---|
| 1. | M.COM. (FINAL) A.B.S.T.-2020 |
| 2. | M.COM. (FINAL) BUS.ADM-2020 |
| 3. | M.COM. (FINAL) E.A.F.M.-2020 |
| 4. | M.B.A. (SEMESTER -IV)-2020 |

**निर्णय**

वर्ष 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली डिग्रीयों की पुष्टि की गई। (Resolved to confirm above degrees on the successful candidates in the year 2020)

–ग्रेस पास **(GRACE PASS)** की तिथि विद्या परिषद् की बैठक की तिथि जो कि 12 दिसम्बर, 2020 है, को अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या–04**

**विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक/ गो.गु.ज.वि./दीक्षान्त समारोह/ 2020/ 2739 दिनांक 01–10–2020 के द्वारा गठित स्वर्ण पदक स्पेसिफिकेशन निर्धारण समिति द्वारा की गई अनुशंषा अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षान्त समारोह में स्वर्णपदक स्पेसिफिकेशन निर्धारण करने हेतु एक समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा की गई, अनुशंषा जो निम्नानुसार है :–

| क.सं. (Sr.No.) | विवरण (Particular) | मात्रा (Quantity) |
|---|---|---|
| 01 | Pure Silver | 25 x gm. |
| 02 | Silver Solder | 100 x mgs. |
| 03 | Pure Gold for Plating | 100 x mgs. |
| 04 | Medal Case | 1 No. |
| 05 | Ribbon band 1mt. | 1 No. |

**निर्णय**

समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंषा का अनुमोदन किया गया।

**मद संख्या–05**

**दिनांक 29/11/2020 को विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् की बैठक के मद संख्या–07 (अ) में दीक्षान्त समारोह हेतु निर्धारित किये गये ''ड्रेस कोड'' में पुरूषों हेतु केसरिया रंग के साफे के स्थान पर ''पंचरंगी'' चुनड़ी का साफा निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।**

**निर्णय**

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय का अनुमोदन किया गया।

**मद संख्या–06**

**विश्वविद्यालय के दिनांक 23.12.2020 को प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

प्रतिवेदन है कि वर्ष 2020 की विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राऐं जिन्हे दीक्षान्त समारोह मे स्वर्ण पदक दिया जाना है।

**निर्णय**

समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंषा का अनुमोदन किया गया।



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

<table>
<tr>
<td>मद संख्या–07</td>
<td>ओर्डिनेन्स 101 For the Award of the degree of doctor of philosophy (Ph.D.) of the University में आंशिक संशोधन अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>
प्रतिवेदन है कि दिनांक 12.12.2020 को विश्वविद्यालय में काउंसिल ऑफ एकेडेमिक की एक ऑनलाइन बैठक गूगल मीट पर आयोजित की गई जिसमें निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी। जो अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>
1. सभी की आम सहमति से निर्णय लिया गया कि जो शोधार्थी RET 2018 परीक्षा के बाद, पूर्व सूचित कर किसी राजकीय आवश्यक कार्य की वजह से कॉर्स वर्क नहीं कर पाये एवं आरआरसी में शामिल नहीं हो पाये थे, वे शोधार्थी दुगुनी शुल्क (10,000/–) एवं चार गुनी (20,000/–) जमा कराकर कॉर्स वर्क तथा आरआरसी में शामिल होने का अंतिम मौका।<br>
2. Eligibility criteria में Sr. Secondary के 10 प्रतिशत के स्थान पर 10 प्रतिशत का साक्षात्कार रखा जाएगा।<br>
3. Synopsis के साथ रिव्यू ऑफ लिटरेचर जमा करना।<br>
4. Ph.D प्रवेश परीक्षा में आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार।<br>
5. वार्षिक प्रगति रिपोर्ट शोधार्थी द्वारा वार्षिक प्रस्तुतीकरण।<br>
6. शोध पर्यवेक्षक के लिए 10 साल का स्नातक स्तरीय अध्ययन अनुभव एवं 03 शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय पीयर रिव्यूड एवं इंडेक्सिंग रिसर्च जनरल में प्रकाशित कराने वाले संकाय को भी शोध पर्यवेक्षक बनाया जाएगा।<br>
7. शोधार्थी का Ph.D के लिए प्रांरभिक पंजिकरण हेतु 2000/– शुल्क के साथ जमा एवं अंतिम रूप से शोधार्थी का पंजिकरण आरआरसी के बाद होगा।<br>
8. शोधार्थी Ph.D. में प्रारंभिक पंजिकरण के बाद 2 वर्ष में कॉर्स वर्क करना अनिवार्य होगा।<br>
9. वे शोधार्थी जो विभिन्न सरकारी संस्थाओं जैसे UGC /CSIR /ICSSR / ICHR/Others से fellowship प्राप्त कर रहे है वे अपनी उपस्थिति विश्वविद्यालय /संबंधित महाविद्यालय में देंगे।<br>
10.Ph.D. के लिए Rules and regulation में संशोधन हेतु एक रिव्यू समिति का गठन निम्नानुसार किया गया।<br>
  1. प्रो. संजय लोढ़ा, सेवानिवृत्त डीन, एमएलएसयू।<br>
  2. डॉ. अशोक काकोडिया, शोध निदेशक।<br>
11. आपातकालिन स्थिति में माननीय कुलपति महोदय इस हेतु अधिकृत है।</td>
</tr>
<tr>
<td>निर्णय</td>
<td>समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंषा का अनुमोदन किया गया।</td>
</tr>
</table>



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

| | |
|---|---|
| मद संख्या–09 | Council of Deans का गठन अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>प्रतिवेदन है कि Council of Dean जिसमें Dean Faculty of Humanities, Social Sciences, Commerce and Management, Science, Education, Director Research, Finance Comptroller, Registrar(Member secretary) होंगे। अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंषा का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–09 | **वेद विद्यापीठ संकाय का अनुमोदन एवं उसके अन्तर्गत विभिन्न प्रमाण पत्र कोर्स संचालित करने एवं उनका पाठ्यक्रम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।**<br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय में वेद विद्यापीठ संकाय प्रारम्भ करने एवं उसके अन्तर्गत निम्न प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम संचालन हेतु प्रस्तुत है।<br>1. योग विज्ञान में छः मासीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम ।<br>2. ज्योतिष शास्त्र में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम।<br>3. कर्मकाण्ड व पौरोहित्य में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम।<br>4. संस्कृत शिक्षण प्रमाण पत्र छः मासीय पाठ्यक्रम। |
| निर्णय | समिति द्वारा वेद विद्यापीठ संकाय का अनुमोदन कर उसके अन्तर्गत संचालित करने हेतु उपर्युक्त 04 प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करते हुए यह निर्णय दिया गया कि किसी भी अन्य नियमित पाठ्यक्रम के साथ यह प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम किये जा सकते है एवं पाठ्यक्रम में उम्र की कोई बाध्यता नहीं रहेगी। |
| मद संख्या–10 | **विश्वविद्यालय केम्पस में संचालन हेतु निम्न कोर्स के पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**<br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय केम्पस में संचालन हेतु निम्न कोर्स के पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>**1. डिप्लोमा बैंकिंग एण्ड फाइनेंस।**<br>**2. डिप्लोमा सोइल एण्ड वाटर कन्सर्वेशन।**<br>**3. डिप्लोमा टेक्सटाईल डिजाईनिंग।**<br>**4. डिप्लोमा इन फेशन डिजाइनिंग।**<br>**5. डिप्लोमा इन कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन।**<br>**6. पीजी डिप्लोमा इन ट्यूरिज्म मैनेजमेन्ट।**<br>**7. पीजी डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेन्ट।**<br>8. PG Diploma of Textile Chemistry<br>9. Integrated M.SC (Physics And Chemistry)<br>10. Integrated Fine Arts |
| निर्णय | **समिति द्वारा उपर्युक्त 10 पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करते हुए यह निर्णय दिया गया कि किसी भी अन्य नियमित पाठ्यक्रम के साथ यह प्रमाण पत्र किये जा सकते है एवं पाठ्यक्रम में उम्र का बन्धन नहीं होगा।** |



कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

| | |
|---|---|
| मद संख्या–11 | विश्वविद्यालय केम्पस में आगमी सत्र 2021–22 से निम्न कोर्स संचालन के पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय केम्पस में आगामी सत्र 2020–21 से संचालन हेतु निम्न कोर्स के पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br>1. बीए एलएलबी।<br>2. बी फार्मा।<br>3. एम फार्मा। |
| निर्णय | समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–12 | विश्वविद्यालय द्वारा मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय से किये गये MOU अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा संसाधनों की कमी को तत्कालिक पूर्ति हेतु मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से MOU किया गया है, जो अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–13 | विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों के त्वरित निष्पादन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।<br><br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों के त्वरित निष्पादन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। |
| निर्णय | समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। |

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव
कुल सचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

कुलपति
कुलपति
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बाँसवाड़ा-327001 (राजस्थान)

# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

## विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त

**(Minutes of the ACADEMIC COUNCIL meeting)**

**दिनांक 31 दिसम्बर, 2022**

विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 11.30 बजे प्रो0 आई.वी. त्रिवेदी, माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित माननीय सदस्य Physical / Online उपस्थित हुए :-

| S. No. | Member Name & Post | Department | Member/Nominee/ Subject Convenor |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Dr. Amit Kumar Jaiswal<br>Professor in Education Faculty | Govt. P.G. College,<br>Kotwara (Garhwal) Uttarakhand | Governor Nominee |
| 2 | Sh. Govind Singh Deora<br>Registrar | GGT University<br>Banswara | As per Act Member |
| 3 | Sh. Sohan Singh Kathat<br>Financial Advisor | GGT University,<br>Banswara | Member |
| 4 | Dr. Dinesh Rawat<br>Asstt. Professor | Govt. College, Banswara | Government Nominee |
| 5 | Dr. Seema Bhupendra<br>Asstt. Professor | Dean,<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Humanities |
| 6 | Dr Alka Rastogi<br>Asstt. Professor | Dean<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Social Science |
| 7 | Dr. B.K.Sharma | Dean<br>S.G.G. Govt. College, Banswara | Scinece |
| 8 | Dr. Gulabdhar Dwivedi | Dean<br>Arawali Mahavidhyalay, Banswara | Education |
| 9 | Dr. Manisha Chordia | Government College, Peepalkhunt | Hindi |
| 10 | Dr. Yogendra Bhanu | Government College, Bichiwada | Sanskrit |
| 11 | Dr. Laxman Lal Sargada | S.G.G. Govt. College, Banswara | Drawing |
| 12 | Dr. Nimesh Choubisa | SBP Government College, Dungarpur | History |
| 13 | Dr. Shipra Rathod | HDJ Girls College, Banswara | Political Science |
| 14 | Dr. Satish Acharya | Government College, Peepalkhunt | Geograpy |
| 15 | Dr. Banwari Lal Meena | Government College, Peepalkhunt | Economics |
| 16 | Dr. Preeti Ameta | S.G.G. Govt. College, Banswara | Chy |
| 17 | Dr. Kejal Khatri | Government College, Simalwada | Maths |
| 18 | Dr. Vivek Mandot | VKB Government Girls College,<br>Dungarpur | Physics |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | Dr. S.M.Ray | Government College, Pratapgarh | Zoolozy |
| 20 | Dr. Anju Sharma | SBP Government College, Dungarpur | Computer |
| 21 | Dr. Shivlal Parmar | S.G.G. Govt. College, Banswara | ABST |
| 22 | Dr. Mukesh Prajapat | Leo College, Ghatol | MBA |
| 23 | Dr. Shilpa Yagnik | Leo College, Banswara | MBA |
| 24 | Dr. Rajiv Gandhi | New Look Girls College, Banswara | MBA |
| 25 | Dr. Dinesh Teli | Dr. N.S. Law College, Banswara | Law |
| 26 | Dr. B.K. Sharma<br>Principal | University Engineering College, Banswara | Special Invitee |
| 27 | Dr. Alka Rastogi<br>OIC-Affiliation | Govind Guru Tribal University Banswara | Special Invitee |
| 28 | Dr. Manoj Kumar Pandya<br>COE | Govind Guru Tribal University Banswara | Special Invitee |
| 29 | Dr. Laxmanlal Parmar<br>OIC-Academic | Govind Guru Tribal University Banswara | Special Invitee |
| 30 | Dr. Narendra Paneri<br>Director Research | Govind Guru Tribal University Banswara | Special Invitee |
| 31 | Dr. Mahendra Prasad Saladia<br>Director, Ved Vidyapeeth | Govind Guru Tribal University Banswara | Special Invitee |

सर्वप्रथम बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्या परिषद् की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु सदस्य सचिव को निर्देशित किया :-

| मद | विवरण |
|---|---|
| मद संख्या-01 | <u>विद्या परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 07 जून, 2022 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>प्रतिवेदन है कि विद्या परिषद् की दिनांक 07/06/2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या-02 | <u>विद्यावाचस्पति डिग्री का प्रेस-पास निर्धारण करना।</u><br>दिनांक 28/02/2023 तक जिन शोधार्थियों के साक्षात्कार में सफल घोषित किया जायेगा, उन्हे विद्यावाचस्पति डिग्री आवंटन की प्रेस-पास करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |

| | |
|---|---|
| मद संख्या-03 | <u>विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह की पूर्व तैयारियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा-2022 हेतु ग्रेस-पास करना।</u><br>प्रतिवेदन है कि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की वर्ष 2022 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को उपाधि धारण करने की ग्रेस पास (GRACE PASS) तिथि को स्वीकृति प्रदान करने (To consider conferment of Degree on the successful candidates passed for the year 2022) सम्बन्धी विषय (वर्ष एवं संकाय अनुसार) परिषद् की बैठक में प्रस्तुत किया गया। |
| निर्णय | वर्ष 2022 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली डिग्रीयों की पुष्टि की गई। (Resolved to confirm above degrees on the successful candidates in the year 2022)<br>-ग्रेस पास (GRACE PASS) की तिथि, जिनका परीक्षा परिणाम दिनांक 28 फरवरी, 2023 तक घोषित हो का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या-04 | <u>माननीय कुलपति महोदय द्वारा सत्र 2022-23 में स्वीकृत पाठ्यक्रमों का अनुमोदन।</u><br>प्रतिवेदन है कि सत्र 2022-23 में त्रि-वर्षिय LL.B पाठ्यक्रम एवं Diploma in Labour Law का पाठ्यक्रम BCI द्वारा अनुमोदन उपरान्त प्रारम्भ किया, जो अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या-05 | <u>पुनः मूल्यांकन उपरान्त प्राप्तांक को यथावत् दर्ज करना। विद्यार्थी द्वारा मूल परीक्षा के प्राप्तांक से पुनः मूल्यांकन में कम प्राप्तांक होने पर पुनः मूल्यांकन के प्राप्तांक को ही श्रेणी निर्धारण करना।</u><br>प्रतिवेदन है कि विगत सत्रों में विद्यार्थियों द्वारा अधिकाधिक पुनः मूल्यांकन आवेदन पत्र भरे जा रहे है। पूर्व व्यवस्था अनुसार पुनः मूल्यांकन उपरान्त अंक कम आने पर पूर्व परीक्षा के प्राप्तांक यथावत् रखे जाने की व्यवस्था होने से विद्यार्थी इस व्यवस्था में मात्र निर्धारित शुल्क जमा कर पुनः मूल्यांकन करवाते रहे है। इस व्यवस्था से विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य के नियमित कार्य में अनावश्यक देरी होती रही है। छात्रों की ऐसी वृत्ति को हतोत्साही करने यह व्यवस्था की जाये की पुनः मूल्यांकन में कम होने पर बाद के अंक ही जोडे जाये को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। |

| | |
|---|---|
| निर्णय | विश्वविद्यालय में राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ0 अमित जायसवाल द्वारा देश के अन्य विश्वविद्यालयों में पुनः मूल्यांकन उपरान्त प्राप्तांक को ही गिने जाने की व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा गया कि ऐसी वृत्ति को रोकने के लिये पुनः मूल्यांकन उपरान्त प्राप्त अंकों को ही जोड़ा जाने का सुझाव प्रस्तुत किया गया।<br>इस पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ0 अमित जायसवाल जी के सुझाव पर अपना मत रखा गया कि विद्यार्थी द्वारा उसके प्राप्तांक के 20 प्रतिशत अंक कम होने तक पूर्ववत् एवं अधिक होने पर बाद के अंक ही जोड़े जाने का सुझाव प्रस्तुत किया गया।<br>सर्वसम्मति से माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रस्तुत सुझाव का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–06 | <u>स्नातक द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम में समस्त वैकल्पिक विषय उत्तीर्ण होने पर ही तृतीय वर्ष में क्रमोन्नत करना।</u><br>प्रतिवेदन है कि विद्यार्थी को प्रथम वर्ष के वैकल्पिक विषय को उत्तीर्ण करने हेतु द्वितीय वर्ष तक ही अनुमति दिये जाने एवं द्वितीय वर्ष में भी प्रथम वर्ष के वैकल्पिक विषय उत्तीर्ण न होने पर तृतीय वर्ष में दो गुना शुल्क की शर्त के साथ अवसर प्रदान किये जाने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–07 | <u>शोध सलाहकार समिति का गठन करने की अनुशंषा।</u><br>प्रतिवेदन है कि यूजीसी नियम 2022 अनुसार शोध सलाहकार समिति का गठन करने की अनुशंषा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन कर समिति सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति महोदय को इस समिति गठन हेतु अधिकृत किया गया। |

| | |
|---|---|
| मद संख्या–12 | **अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।** |
| (1) | **Ph.D रेग्यूलेशन–2022 का अनुमोदन।**<br>विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी अध्यादेश दिनांक 07 नवम्बर, 2022 के अन्तर्गत "पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड प्रक्रिया" हेतु जारी विनियमों को अडोप्ट करते हुए उक्त अध्यादेश हेतु मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा तैयार किये गये नियमों (Ph.D. Regulation 2022) को गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा में यथावत् अडोप्ट किये जाने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| (2) | **जनजाति पीठ की स्थापना।**<br>विश्वविद्यालय में राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ0 अमित जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में स्थित है। अतः विश्वविद्यालय में जनजाति नायकों के योगदान एवं जनजाति सभ्यता, संस्कृति के अध्ययन एवं शोध को बढ़ावा देने हेतु जनजाति पीठ की स्थापना करने का सुझाव रखा गया।<br>माननीय कुलपति महोदय द्वारा उक्त प्रस्ताव का समर्थन करने हेतु विश्वविद्यालय में जनजाति शोध पीठ की स्थापना करने एवं पीठ का नामकरण क्षेत्र के जनजाति नायक "नाना भाई खाँट" के नाम से करने तथा जनजाति नायकों के योगदान को सामान्यज्ञान के प्रश्न–पत्र में जोड़े जाने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| (3) | **विश्वविद्यालय केम्पस में B.Sc-B.Ed, B.A.-B.Ed एवं विशेष शिक्षा में B.Ed पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना।**<br>विश्वविद्यालय के अकादमिक अनुभाग अधिकारी द्वारा आगामी सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय केम्पस कॉलेज में B.Sc-B.Ed, B.A.-B.Ed एवं विशेष शिक्षा में B.Ed पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया एवं समिति के सदस्य डॉ0 अमित जायसवाल को विशेष शिक्षा का पाठ्यक्रम अद्यतन करने का दायित्व सौपा गया। |

| | |
|---|---|
| (4) | <u>विश्वविद्यालय केम्पस में Yoga में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना।</u><br>विश्वविद्यालय के निदेशक, वेद्-विद्यापीठ द्वारा आगामी सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय केम्पस कॉलेज में Yoga में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| (5) | <u>विश्वविद्यालय केम्पस में 05 वर्षिय Intigrated Law का पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना।</u><br>विश्वविद्यालय के अकादमिक अनुभाग अधिकारी द्वारा आगामी सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय केम्पस कॉलेज में 05 वर्षीय B.A.-LL.B. एवं B.Sc-LL.B. पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा गया। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| (6) | <u>NEP 2020 अनुरूप पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना।</u><br>विश्वविद्यालय के अकादमिक अनुभाग अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में आगामी सत्र 2023-24 से नई शिक्षा नीति, 2020 के तहत राज्य सरकार द्वारा अनुमत पाठ्यक्रम लागू करना। |
| निर्णय | सर्वसम्मति से कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**कुलसचिव**
कुलसचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राजस्थान)

**कुलपति**
प्रो. आई. वी. त्रिवेदी
कुलपति
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राजस्थान)